>

Title: Need to formulate effective policy to regulate the installation of mobile towers in the country.

खीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): महोदया, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और कुछ आरोग्य संस्थाओं तथा वैज्ञानिकों द्वारा किए अनुसंधानों से प्राप्त जानकारी से निम्न कुप्रभावों का पता चला है कि बच्चों को सेल फोन से दूर रखो वरना उनके दिमाग को हानि पहुंचेगी और कालांतर में उन्हें ब्रेन कैंसर होने की संभावना है। अनुसंधानों के अनुसार सरदर्द, थकान, चक्कर आना, याद करने की शक्ति कम होना, चर्मरोग, अनियमित हृदय धड़कन इत्यादि बीमारियां सेल फोन तथा टावर के अधिक इस्तेमाल से होती हैं। विश्व भर में एक अरब सेल फोन कार्यरत हैं, इन्हें कान-मस्तक पर चिपकाए रखने से मस्तक में अनुपयोगी गर्मी पैदा होती है। सेल फोन के अधिक उपयोग से हृदय रोग, अल्जाइमर तथा पक्षघात (पैरालाइसिस) की अधिक संभावना रहती है। मोबाइल टावर से होने वाली रेडिएशन से न केवल कैंसर की बीमारी होती है बल्कि टावर के इर्द-गिर्द रहने वालों को तरह-तरह की बीमारियों जैसे, चर्मरोग, अनिद्रा, विस्मृति, आंखों की सूजन, जोड़ो में दर्द इत्यादि ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करती हूं कि सेल फोन के ज्यादा इस्तेमाल से स्वास्थ्य को होने वाली हानियों के बारे में लागों को चेतावनी दी जाए। मोबाइल टावर लगाने के लिए एक सक्षम नीति भी बनायी जाये और लाइसेंस की प्रथा को कार्यान्वित किया जाए। जो टावर लोक बस्ती में लगे हैं और बिना लाइसेंस के लगे हैं, उनकी जांच की जाये तथा उन्हें हटाया जाये। टावर के निर्माण हेतु केंद्र से जिला स्तर तक समितियां बनायी जाएं। किसी भी हालत में लोक बस्ती में मोबाइल टावर न बनाने हेतु सरकार सक्षम कदम उठाये तथा सेल फोन से होने वाली क्षति से निपटने के लिए ठोस कार्यवाही करे। धन्यवाद।